हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

14 श्री काली देवी विद्या मंदिर में नन्हे कलाकारों ने वेशभूषा में...



14 नलवा कॉलेज में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने...



खबर संक्षेप

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 5 को

हांसी। जिला लोक-संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 5 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। जिला उपायुक्त राहुल नरवाल ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों से बैठक से संबंधित आवश्यक तैयारियां एवं कार्रवाई समय पर पूर्ण करने को कहा गया है।

मां चंडके देवी मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। गांव पाबड़ा स्थित मां चंडके देवी मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए बरवाला थाना पुलिस ने आरोपी गांव के ही विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। आरोपी को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 25 सितंबर को मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक शास्त्री की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि 24-25 सितंबर की मध्यरात्रि अज्ञात चोर मंदिर के गर्भगृह का ताला तोड़कर करीब डेढ़ किलोग्राम वजन का चांदी का छत्र, चौखट और चरण पादुकाएं चोरी कर ले गया था। सहायक उप निरीक्षक बजरंग के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल नंबर भी बरामद कर जब्त कर ली है।

बंद मकान से चोरी करने का आरोपी दबोचा

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने बंद मकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी मंगाली मोहब्बत निवासी कुलदीप उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया गैस गीजर, पानी की मोटर और छह छोटी बैटरियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार गांव मंगाली मोहब्बत निवासी दीपक कुमार ने शिकायत दी थी कि वह अपनी माता के इलाज के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने उसके बंद मकान को निशाना बनाते हुए गैस गीजर, पानी की मोटर और छह छोटी बैटरियां चोरी कर लीं। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप उर्फ सोनू को जांच में शामिल कर गिरफ्तार किया।

ऑटो से जेवर व नकदी चुराने का आरोपी काबू

हांसी। थाना शहर पुलिस ने घर के बाहर खड़ी ऑटो रिक्शा से आभूषण व नकदी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगदीश कॉलोनी व हाल विकास नगर निवासी सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने सोनू निशानदेही पर चोरी की गई सोने की एक जोड़ी बालियां बरामद की हैं। जांच अधिकारी एसआई जोगिंद्र कुमार ने बताया कि विकास नगर निवासी अजय ने 29 सितंबर को थाना शहर में शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्ति उसके ऑटो रिक्शा में रखे आभूषण व नकदी चुरा कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो जांच के दौरान पुलिस टीम ने शक के आधार आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबुल कर ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सोने की एक जोड़ी कानों की बालियां बरामद कर कोर्ट में पेश किया।

छात्रा को कुचलने के मामले में बस अड्डे का गेट बंद कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के पास बरवाला चुंगी पर मंगलवार को किलोमीटर स्कीम की बस की चपेट में आने से गंभीर घायल हुई विश्वविद्यालय की छात्रा विजेता की हालत गंभीर बनी हुई है। शहर के एक निजी अस्पताल में छात्रा का वेंटिलेटर पर उपचार चल रहा है। हादसे के विरोध में व छात्रा के उपचार पर होने वाले खर्च की मांग पर गुरुवार को विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बस स्टेंड का मुख्य गेट बंद करके प्रदर्शन किया और रोडवेज व्यवस्था को लेकर रोष जताया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन की वजह से बाहर से आने वाली बसों को बस अड्डे के बंदर प्रवेश करने में परेशानी हुई वहीं यात्रियों को भी इधर-उधर जाने में परेशानी झेलनी पड़ी।

पीड़ित परिवार के लिए मांगी आर्थिक मदद व जीजेयू के बाहर स्थायी बस स्टॉप की मांग

प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की कि विश्वविद्यालय के बाहर स्थायी बस स्टॉप बनाया जाए, हादसे के जिम्मेदार बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए और घायल छात्रा के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। विद्यार्थियों ने कहा कि गुजवि के बाहर पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं। विद्यार्थियों को सड़क पर ही बसों से उतरना पड़ता है। ऐसे में विश्वविद्यालय के बाहर स्थायी बस स्टॉप बनाया जाना जरूरी है। काफी देर नारेबाजी व प्रदर्शन के बाद छात्र-छात्राओं ने रोडवेज महाप्रबंधक से मुलाकात करके अपनी मांगे रखी। महाप्रबंधक ने विद्यार्थियों के सामने ही रोहतक डिपो महाप्रबंधक से बातचीत करके उक्त चालक व परिचालक पर कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही जीएम ने आश्वासन दिया कि गुजवि के बाहर स्टॉप बनाने, कर्मचारियों की नियुक्ति करने सहित हिसार डिपो स्तर की मांगे पूरी कर दी जाएगी।



हिसार। बस अड्डे का गेट बंद करके बैठे विद्यार्थी।

छात्रा के इलाज पर होने वाले खर्च देने की मांग उठाई

इसके बावजूद उग्र विद्यार्थी नहीं माने और उन्होंने रोडवेज बस अड्डे का मुख्य द्वार नहीं खोला। वे जाम लगाकर लगातार नारेबाजी करते रहे और मांग की कि घायल छात्रा के इलाज पर होने वाले खर्चा दिया जाए। रोडवेज अधिकारियों ने कहा कि वे यह मांग अपने स्तर पर नहीं कर सकते बल्कि सरकार व उच्चाधिकारियों को लिखकर अनुशंसा कर सकते हैं। इससे विद्यार्थी संतुष्ट नहीं हुए और गेट बंद करके नारेबाजी जारी रखी।

चालक पर कार्रवाई के लिए टीएम ने की बस मालिक से बात

बाद में मौके पर पहुंचे यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों को समझाया और रोहतक में रोडवेज अधिकारियों की मार्फत किलोमीटर स्कीम के मालिक से बात करके उसे मांग से अवगत करवाया। टीएम के प्रयासों से किलोमीटर स्कीम की बस के मालिक ने घायल छात्रा के इलाज पर होने वाला खर्चा देने की बात कही। इसके साथ ही टीएम ने बस मालिक को निर्देश दिए कि वे आरोपी चालक को तुरंत नौकरी से हटाएं। टीएम ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि रोडवेज की तरफ से जो काम किया जाना है, वो पूरा किया जाएगा और जो आपराधिक मामला बना है, उस पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इस पर प्रदर्शनकारी विद्यार्थी संतुष्ट हुए और गेट खोल दिया। बस अड्डे का गेट खुलने के बाद ही आवागमन सुचारू हुआ और बसें व पैदल यात्री इधर-उधर आना-जाना शुरू हुए।

मंगलवार को हुआ था हादसा

ज्ञात रहे कि मंगलवार को सोनीपत निवासी विजेता रोहतक डिपो की किलोमीटर योजना के तहत चल रही बस से बरवाला चुंगी पर उतरी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस से उतरने के बाद छात्रा आगे जाने लगी। इसी दौरान चालक ने बस को मोड़ना शुरू कर दिया और छात्रा बस के पिछले टायरों के नीचे आ गई। हादसे में उसके शरीर का आधा हिस्सा टायरों के नीचे दब गया। हादसे के बाद चालक और परिचालक बस को मौके पर छोड़कर चले गए। छात्रा करीब 10 मिनट तक टायरों के नीचे दबी रही। यात्रियों ने पुलिस को सूचना देने के साथ उसे निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान एक व्यक्ति बस में चढ़ा और बस को पीछे किया, जिसके बाद छात्रा को बाहर निकाला जा सका। उस समय वह बेहोश हो चुकी थी। छात्रा को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिचित उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका वेंटिलेटर पर उपचार चल रहा है। छात्रा विजेता जीजेयू के मनोविज्ञान विभाग में द्वितीय वर्ष की छात्रा है।

सीएम ने कृषि मेले में प्रदर्शनी का किया अवलोकन, प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

सतत कपास उत्पादन, फसल विविधीकरण व जल संरक्षण भविष्य की कृषि का रोडमैप: सैनी

- कम पानी में अधिक उत्पादन, फसल विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कपास हरियाणा की महत्वपूर्ण नकदी फसलों है। यह विशेष रूप से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और आसपास के क्षेत्र में लाखों किसान परिवारों की आजीविका से जुड़ी हुई है। इसलिए इसे हम गर्व से सफेद सोना कहते हैं। हमारे कृषि विश्वविद्यालय और सिरसा स्थित कपास अनुसंधान केंद्र ने नई किस्मों, बेहतर बीज और वैज्ञानिक फसल प्रबंधन में सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि आज कपास की खेती के सामने नई चुनौतियां भी हैं।

मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। इसलिए हमें ऐसी कृषि तकनीक और ऐसी बीज किस्मों पर तेजी से काम करना होगा, जो बदलते मौसम और कीटों का बेहतर मुकाबला कर सकें। उन्होंने कहा कि सतत कपास उत्पादन, फसल विविधीकरण और जल संसाधनों का संरक्षण आज की खेती की जरूरत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कृषि व्यवस्था का रोडमैप भी है। वे गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का शुभारंभ करने के बाद किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे।





हिसार। कृषि मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, साथ में हैं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार और विवि के कुलपति प्रो. बी. आर काम्बोज। सीएम ने हकृवि में दीन दयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन भी किया।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी : राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी है। राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनकी आय में बढ़ोतरी करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे फसल विविधीकरण के लिए किसानों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ तकनीक और सुविधाएं भी दें। उन्होंने कहा कि किसान भाई भी इस बात को प्राथमिकता दें कि हमारी खेत की मिट्टी, हवा और पानी खराब न हो।

कपास की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हरियाणा में कपास की खेती को बढ़ावा देना, किसानों की आय बढ़ाना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण विश्वविद्यालय की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि कपास के क्षेत्र में विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उन्होंने देसी कपास के क्षेत्र को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देसी कपास की अच्छी किस्मों से चुनाई की गुणवत्ता बेहतर होने के साथ-साथ उत्पादन और रेशे की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता, लुवास के कुलपति विनोद कुमार वर्मा, एमएचयू करनाल के कुलपति डॉ सुरेश कुमार मल्होत्रा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशक अमित खत्री, विस्तार शिक्षा निदेशक नरेश कौशिक, अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग, मेयर प्रवीण पोपली आदि मौजूद रहे।

काले कपड़े वालों को नहीं मिली एंट्री

सीएम आगमन के चलते पुलिस ने हकृवि परिसर व कृषि मेला ग्राउंड के आसपास नाकाबंदी की हुई थी। पुलिस ने किसानों तथा मेला देखने आए लोगों के वाहनों को मेला ग्राउंड से कई किमी दूर ही रुकवा दिया। उन्हें 2-3 किमी पैदल चलकर मेले में पहुंचना पड़ा। हालांकि सुबह मेला ग्राउंड के आसपास वाहनों की एंट्री जारी थी। जैसे ही ग्राउंड के आसपास वाहनों और किसानों की भीड़ बढ़ने लगी तो पुलिस सख्ती पर उतर आई। पुलिस प्रबंधों को लेकर मेला आयोजकों ने भी नाराजगी व्यक्त की। हकृवि में सीएम आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा। इस दौरान कृषि मेला ग्राउंड पर काले कपड़े पहने किसी भी व्यक्ति को पुलिस ने घुसने नहीं दिया। मेले में स्टॉल लगाने वाले विभिन्न कंपनियों के कुछ प्रतिनिधि काली टी-शर्ट पहने हुए थे। जब उन्होंने मेला ग्राउंड गेट से एंट्री करनी चाही तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। काली शर्ट या टी-शर्ट पहने कई किसानों की जब एंट्री नहीं मिली तो उन्हें मायूस मन से वापस लौटना पड़ा।

रावलवास कलां में करंट लगने से असिस्टेंट लाइनमैन की मौत

हिसार। गांव रावलवास कलां में ट्रांसफार्मर पर बिजली लाइन का काम करते समय करंट लगने से असिस्टेंट लाइनमैन सीसवाला निवासी सुरेंद्र की मौत हो गई, जबकि उसके साथ काम कर रहा एचकेआरएन कर्मचारी संदीप घायल हो गया। घायल संदीप का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार रावलवास कलां गांव में ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान सुरेंद्र और एचकेआरएन कर्मचारी संदीप को अचानक बिजली का झटका लगा। करंट लगने से सुरेंद्र मौके पर ही बेहोश हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में संदीप भी घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस को दिए बयान में मृतक सुरेंद्र के बड़े भाई अनिल कुमार ने बताया कि उसके भाई की सरकारी कार्य के दौरान ट्रांसफार्मर ठीक करते समय मौत हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में बिजली निगम की कोई गलती नहीं है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह सीसवाला गांव में सुरेंद्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

- एचकेआरएन कर्मचारी घायल, निजी अस्पताल में कराया भर्ती
- ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का कार्य करते समय हुआ हादसा

बिजली सप्लाई बंद थी, बैक करंट से हादसे की आशंका : एसडीओ

बिजली निगम के एसडीओ धर्मवीर फगोड़िया ने बताया कि घटना के समय बिजली की सप्लाई बंद थी। उन्होंने आशंका जताई कि इन्वर्टर या सोलर से आए बैक करंट के कारण हादसा हुआ हो सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर से जुड़े सभी सोलर और इन्वर्टर कनेक्शनों की जांच करवाई जाएगी।

नारनौंद में दिनदहाड़े दुकानदार को पीटा

- जान से मारने की धमकी भी दी, व्यापारियों ने थाने में पहुंचकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

नारनौंद में बदमाशों की हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि थाने के सामने ही एक दुकानदार के साथ दिनदहाड़े दुकान पर पहुंचकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को हिरासत में ले लिया जबकि अन्य युवक मौके से फरार हो गए। व्यापार मंडल के प्रधान के नेतृत्व में सभी व्यापारी थाना परिसर में पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विरोध जताकर सभी आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग रखी। व्यापार मंडल के प्रधान प्रदीप ढांडा, दुकानदार राकेश कुमार, सोनू, जोगिंदर, संजय, प्रवीण, कश्मीर, सन्नी हरीश कुमार, गोपाल, अमित आदि ने बताया कि वीरवार की सुबह थाने के सामने पुराने बस स्टैंड पर राकेश कुमार की दुकान के बाहर कुछ लड़के एक मोटरसाइकिल चालक के साथ मारपीट कर रहे थे। वह लड़का चिल्ला चिल्ला कर मदद की गुहार लगा रहा था। उसके बचाव करने के लिए कुछ लोग वहां पर आ गए। जिनमें राकेश कुमार भी बीच बचाव करने लगा तो उन्होंने उसके साथ भी बदतमीजी की जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इसकी शिकायत तुरंत ही पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंची और उन्होंने एक लड़के को हिरासत में लेकर थाने चली गई पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नारनौंद। शिकायत देते हुए व्यापार मंडल के प्रधान प्रदीप ढांडा व अन्य व्यापारी।

सीएम से मिलने के लिए सीईटी पास युवाओं का जाम

- लघु सचिवालय के सामने राजगढ़ रोड पर किया प्रदर्शन
- सीएम के आश्वासन के बाद माने युवा, हटाया जाम, धरना समाप्त
- 4 घंटे जाम से यातायात व्यवस्था बिगड़ी, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अपनी मांगों को लेकर करीब 11 दिनों से धरने पर बैठे सीईटी पास युवाओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की मांग पर लघु सचिवालय के सामने राजगढ़ रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी युवाओं से बातचीत कर उन्हें सड़क से हटाने और जाम खुलवाने का प्रयास किया। बाद में प्रदर्शनकारी युवाओं के प्रतिनिधिमंडल की सीएम नायब सैनी से मुलाकात करवाई गई। सीएम से आश्वासन मिलने पर युवाओं को गुस्सा शांत हो गया और उन्हें रास्ता खोल दिया। इसके साथ ही उन्होंने धरना समाप्त करने की भी घोषणा की। उधर, करीब चार घंटे तक जाम के चलते राजगढ़ रोड पर यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। बाद में पुलिस ने राजगढ़ के आसपास के एरिया में रूट डायवर्ट कर दिया। युवाओं ने कहा कि सीईटी पास करने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया लंबी खिंचने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।



हिसार। राजगढ़ रोड पर जाम लगाते युवा। *फोटो: हरिभूमि*

11 दिन से धरनारत

इससे पूर्व जाम लगा रहे युवाओं ने बताया कि वे पिछले 11 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से उनके साथ बातचीत नहीं की गई है। युवाओं के अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पहुंचने का कार्यक्रम है। ऐसे में वे मुख्यमंत्री से सीधे मुलाकात कर अपनी मांगें उनके समक्ष रखना चाहते हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात कराई जाए और इस संबंध में लिखित आश्वासन दिया जाए। युवाओं का कहना है कि केवल मौखिक आश्वासन के आधार पर वे अपना धरना समाप्त नहीं करेंगे।

3, 5 और 6 को चार घंटे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 132 केवी सब-स्टेशन पर जरूरी रखरखाव और सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। इसके तहत ट्रांसफार्मर से जुड़े कंट्रोल केबल और एक्सएलपीई केबल पर फायर रेजिस्टेंट कोटिंग व बैंडेज लगाने का काम होना है। इस कार्य के चलते 3, 5 और 6 अक्टूबर को शहर के विभिन्न इलाकों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। हिसार सिटी के उपमंडल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को 132/11 केवी, 10/16 एमवीए टी-1 ट्रांसफार्मर पर कार्य के चलते सिविल अस्पताल, मुल्तानी चौक, पारिजात चौक, ऑटो मार्केट और टेलीफोन एक्सचेंज फीडर पर बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। चार अक्टूबर को 132/33 केवी, 40/50 एमवीए टी-2 ट्रांसफार्मर की कंट्रोल केबल पर फायर रेजिस्टेंट कोटिंग कार्य के कारण 33 केवी एचटीएम और 33 केवी जीजेयू फीडर से जुड़े क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। एसडीओ के अनुसार 6 अक्टूबर को 132/11 केवी, 10/16 एमवीए टी-3 ट्रांसफार्मर पर केबल सुरक्षा कार्य के चलते पुलिस लाइन, आईटीआई, पीएचईडी, तलवंडी जुगलान और हाउसिंग बोर्ड फीडर के एरिया में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

विश्व रैंकिंग के 1401-1600 बैंड में व 118 देशों के 2297 संस्थानों में बनाई जगह

गुजवि का टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में हरियाणा में प्रथम और देश में 90वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग-2027 में भारत में 90वां स्थान मिला है, जबकि विश्व स्तर पर विश्वविद्यालय को 1401-1600 के बैंड में स्थान प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में स्थान पाने वाला गुजविप्रौवि हरियाणा का एकमात्र राज्य सरकार का विश्वविद्यालय है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग-2027 में 118 देशों एवं क्षेत्रों के 2297 उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। भारत के 143 उच्च शिक्षण संस्थानों को इसमें स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि रैंकिंग पांच प्रमुख क्षेत्रों के विभिन्न संकेतकों के आधार पर तैयार की जाती है। इनमें शिक्षण, अनुसंधान वातावरण, अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग तथा अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण शामिल हैं। वर्ष 2027 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय का कुल स्कोर 27.3-30.4 रहा। शिक्षण में 26.6, अनुसंधान वातावरण में 13.4, अनुसंधान गुणवत्ता में 44.6, उद्योग में 32.3 तथा अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण में 18.2 अंक मिले।

ऑक्सफोर्ड विवि के बाद जीजेयू दूसरे नंबर पर

प्रो. विजय कुमार ने बताया कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने लगातार दसवीं बार रैंकिंग में पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि पहली बार भारत सर्वाधिक रैंक किए गए विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर पहुंचा है।



नाइट शो बॉक्सिंग प्रतियोगिता कल हिसार में शाम 5 बजे

हिसार। मनजीत लोहान मेमोरियल बॉक्सिंग सोसायटी के तत्वाधान में स्वर्गीय मनजीत लोहान की पुण्यतिथि पर 3 अक्टूबर को सायं 5 बजे पुराना गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान में पांचवी फाइट नाइट शो का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान नरेश वालिया ने बताया कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ व यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन हिसार के सहयोग से दूधिया लाइटों की रोशनी में होने वाली इस प्रतियोगिता में इंटरनेशनल स्तर के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो पूरे भारतवर्ष से हिसार में पहुंचेंगे। इन 20 खिलाड़ियों में 10 फाइट करवाई जाएगी जिनके 10 विजेताओं को नगद राशि के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान हरियाणवी गायक आजाद सिंह खांडा, हरि लाठर सहित उनकी पूरी टीम अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। इस फाइट के अवसर पर हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु, हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, समाजसेवी व गौ सेवक राजेंद्र गावड़िया अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

- पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु रहेंगे मौजूद
- इंटरनेशनल स्तर के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

खबर संक्षेप

छाजू राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में श्रमदान

हिसार। छाजू राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा अपने कॉलेज परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह पहल राष्ट्रीय स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य विषय एक दिन, एक घंटा, एक साथ था। इस अभियान में कॉलेज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें छात्र, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ शामिल थे। अभियान के मुख्य निर्देश का पालन करते हुए, सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से एक घंटे का श्रमदान दिया और कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा देवी ने पूरे अभियान के दौरान अनुकरणीय अनुशासन बनाए रखने के लिए सराहना की और राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

हिंदी में हुआ मेरा स्टार्टअप आइडिया कार्यक्रम

हिसार। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में एक अनूठी एवं रोजगारपरक प्रतियोगिता हिंदी में मेरा स्टार्टअप आइडिया आयोजित की गई। ट्रस्ट अब तक 12 हजार से अधिक बेटियों एवं युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा चुका है। पारंपरिक निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं से अलग इस कार्यक्रम को हिंदी भाषा के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडक़र आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्यार्थियों ने संस्थान में ही हिंदी भाषा में अपने-अपने नए व्यवसाय एवं स्टार्टअप संबंधी विचार लिखे। विद्यार्थियों ने अपने स्टार्टअप का नाम, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, समाज के लिए उपयोगिता तथा आकर्षक हिंदी नारा भी तैयार किया।

राजकीय महिला कॉलेज में हुआ विस्तार व्याख्यान

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में इतिहास विभाग की ओर से वर्तमान युग में गांधीवादी विचारधारा की सार्थकता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय, सिवानी के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक सुनील कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। मुख्य वक्ता ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, ट्रस्टीशिप, ग्राम-स्वराज, स्वच्छता और सर्वोदय जैसे विचार 21वीं सदी में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, आतंकवाद, क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ते भौतिकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक एवं कॉलेज के इतिहास विभाग के महेन्द्र सिंह ने मुख्य वक्ता सहित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

नशा मुक्त युवा संकल्प के तहत हेल्थ वॉक

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-100 दिवसीय संकल्प अभियान/"के तहत हेल्थ वॉक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। यह वॉक महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर टाउन पार्क, पीएलए, फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर होते हुए लगभग 3 से 5 किलोमीटर का मार्ग तय कर पुनः कॉलेज परिसर में संपन्न हुई।

गुजवि में हुआ सेवा सम्मान कार्यक्रम

हिसार। गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यालय में संघ के प्रधान चरण दास अटवाल की अध्यक्षता में सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में उप कुलसचिव सुशीला सिवाच, अधीक्षक कंवर सिंह लांबा व लैब अटेंडेंट सुरेश कुमारद्वारा किए गए कार्य की सराहना की। इस अवसर पर संघ के उप प्रधान नेकीराम बिश्नोई, महासचिव रामेहर दुहन, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह, अधीक्षक देवेंद्र राणा, सुनीता कटारिया, मंजू गांधी, विकास, सुंदर सिंह, मनोज जांगड़ा, महेंद्र सिंह, रवि दत्त आदि मौजूद थे।

वर्ष 2017 में भर्ती पीआरटी अध्यापकों को एसीपी लाभ देने के सख्त आदेश

मौलिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

- मेरिट या पहली-दूसरी सूची के आधार पर भेदभाव न करने को कहा

राजेश्वर बैनीवाल ⏭ हिसार

हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने वर्ष 2017 में भर्ती हुए पीआरटी अध्यापकों को नोशनल लाभ मिलने के बाद एसीपी का लाभ नियमानुसार प्रदान करने के संबंध में प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय की ओर से बुधवार को जारी पत्र में न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा गया है। निदेशालय के अनुसार, माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों, जिनमें मोहिनी बनाम हरियाणा राज्य तथा सोनू एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य के मामले शामिल हैं, की पालना करते हुए वर्ष 2017 में नियुक्त सभी पीआरटी अध्यापकों को नोशनल लाभ प्रदान किया गया था। अब इसी आधार पर संबंधित अध्यापकों को एसीपी का लाभ देने के निर्देश जारी किए गए हैं।



हिसार। मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी पत्र।

मई 2017 की कार्यग्रहण तिथि मानकर मिलेगा लाभ

निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि मई 2017 में नियुक्त पीआरटी अध्यापकों के लिए न्यायालय के आदेशानुसार मई 2017 को कार्यग्रहण की मानी गई तिथि मानते हुए एसीपी का लाभ नियमानुसार प्रदान किया जाए। इसके लिए वार्षिक गोपनीय कार्य निष्पादन रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं होने के आधार पर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

मेरिट और सूची के आधार पर नहीं होगा भेदभाव

पत्र में विशेष रूप से कहा गया है कि नोशनल लाभ प्राप्त सभी जेबीटी और पीआरटी अध्यापकों के मामलों में उनके मेरिट क्रमांक अथवा प्रथम और द्वितीय सूची के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाए। सभी पात्र अध्यापकों को नियमानुसार एसीपी लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया समान रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक निदेशक, पीआरटी/अतिथि की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

एडीओ, एचडीओ समेत रिक्त पद जल्द भरने की मांग

कृषि व संबद्ध विषयों के छात्रों की मांगों पर एग्रीविजन ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हिसार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एग्रीविज़न हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि एवं संबद्ध विषयों के विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, लंबित भर्तियों में तेजी लाने तथा भर्ती नियमों में विषयानुकूल योग्यता निर्धारित करने की मांग रखी। ज्ञापन में कृषि विज्ञान के क्षेत्र में एडीओ, एचडीओ, सीड वेरिफिकेशन ऑफिसर सहित रिक्त पदों को जल्द भरने तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में टीए, एसटीए और अन्य तकनीकी पदों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की गई। विद्यालयों में कक्षा 12वीं तक कृषि विषय और प्रशिक्षित कृषि शिक्षकों की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया। कृषि अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों ने प्रदेश के सभी 20 विकास खंडों में एडीओ फार्म इम्प्लीमेंट्स के पद स्वीकृत करने और 3 अगस्त 2022 से लंबित 89 पदों के प्रस्ताव पर निर्णय लेने की मांग की। बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के पदों के लिए मान्य शैक्षणिक योग्यता बनाने, कृषि अभियांत्रिकी का अलग निदेशालय स्थापित करने तथा कृषि विज्ञान केंद्रों और विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों में आवश्यक पद स्वीकृत करने की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल में एग्रीविज़न के प्रांत सह संयोजक रोहित बिश्नोई, डॉ. अरविंद, डॉ. पुलकित, ऋषिपाल और शिवम पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग

बाइक चोरी में महिला आरोपी के बाद पति अंकुश भी गिरफ्तार

हिसार। मोटरसाइकिल चोरी के मामले में अग्रोहा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी के बाद उसके पति मीरपुर निवासी अंकुश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुई मोटरसाइकिल के अलग-अलग किए गए पुर्जे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अग्रोहा थाना प्रभारी ने बताया कि 6 सितंबर को गणेश मार्केट अग्रोहा में रहने वाले भूना निवासी अजय ने शिकायत दी थी कि उसके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। शिकायत पर केस दर्ज करके जांच करते हुए सहायक उप निरीक्षक रविंद्र ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहले मामले में संलिप्त महिला आरोपी मीरपुर निवासी मंजू को गिरफ्तार किया था। उसे अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में महिला आरोपी ने अपने पति अंकुश के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करने की बात बताई। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए अंकुश को भी गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल के पुर्जे अलग-अलग करके बेचने की योजना थी।

- चोरी हुई बाइक के अलग किए गए पुर्जे बरामद

रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए गुजवि में निकली रैली

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर यूनिवर्सिटी यूथ रेड क्रॉस की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग विभाग के सहयोग से किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने स्वयंसेवकों को स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उसका जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। यूनिवर्सिटी यूथ रेड क्रॉस के समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि जागरूकता रैली में करीब 150 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न नारों और स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

- कार्यक्रम में 150 स्वयंसेवकों ने लिया भाग, कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने दिलाई शपथ

अढ़ाई साल से लंबित भत्तों के बिलों का भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में रोष

हांसी। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी यांत्रिक कर्मचारी यूनियन शाखा में वीरवार को बैठक हुई। बैठक के बाद यूनियन पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता अजय कुंडु से मुलाकात कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग रखी। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों के यात्रा भत्ता और अवकाश यात्रा रियायत के बिल करीब अढ़ाई साल से लंबित हैं। बार-बार मांग उठाने के बावजूद भुगतान नहीं हो रहा है। कर्मचारियों ने साबुन, डांगरी सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने और सभी लंबित मांगों का जल्द निपटारा करने की मांग भी रखी। यूनियन प्रधान अशोक यादव के अनुसार कार्यकारी अभियंता अजय कुंडु ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान संदीप फौजी, नवीन फौजी, विनोद कुमार, बलजीत यादव, रूप कुमार, राजबीर मायड़ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

आरडीएम स्कूल में बच्चों ने गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

उकलाना। आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. के.सी. शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन आज भी समाज और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर विद्यार्थी अपने चरित्र का बेहतर निर्माण कर सकते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की।



5 अक्टूबर तक स्थगित रहेगा नपा कर्मचारियों का धरना

हांसी। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, इकाई हांसी की ओर से कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से चल रहा धरना फिलहाल 5 सितंबर तक स्थगित कर दिया गया है। संघ ने कुछ मांगों पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई होने तथा कुछ मांगें लंबित रहने के बावजूद जनहित को देखते हुए यह निर्णय लिया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि धरने के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया। इनमें से कुछ मांगों का समाधान किया गया है, जबकि शेष मांगों पर अभी कार्रवाई अपेक्षित है। आमजन को होने वाली परेशानी को देखते हुए संघ ने प्रशासन को लंबित मांगों के समाधान के लिए 5 सितंबर तक का समय दिया है। संघ ने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 6 सितंबर से दोबारा धरना शुरू किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रधान सलेवान सारसर, इकाई प्रधान बलजीत पुहाल, इकाई सचिव अरुण चौहान सहित संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

राशन डिपो धारकों की हुई बैठक

बरवाला। बरवाला ब्लॉक के राशन डिपो धारकों की समस्याओं और मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएफओ चंद्र मोहन ने डिपो धारकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि डिपो धारकों की समस्याओं को लेकर हर एक-दो महीने में बैठक बुलाई जाती है। इसमें राशन वितरण या अन्य किसी तरह की परेशानी को सुना जाता है और संगठन के लेटर पैड पर उनकी मांगें लिखित रूप में ली जाती हैं। इस बैठक में आगामी दिनों में राशन डिपो के माध्यम से होने वाले तेल वितरण को लेकर भी चर्चा हुई। डिपो धारकों ने मांग रखी कि तीन महीने का तेल आने की स्थिति में तेल वितरण के बाद ही उनसे पेमेंट ली जाए, ताकि एक साथ पेमेंट देने में आने वाली परेशानी से बचा जा सके। तेल और चीनी के लिए एक ही अंगूठा लगाने की मांग डिपो धारकों ने की। बताया कि राशन वितरण के दौरान चीनी, तेल और गेहूं के लिए अलग-अलग अंगूठे लगाने पड़ते हैं। इससे वितरण में अधिक समय लगता है। उन्होंने मांग की है कि तेल और चीनी का वितरण एक ही अंगूठे से किया जाए, जिससे समय बचेगा और उपभोक्ताओं को भी परेशानी नहीं होगी।

रुकमणि विवाह रुह और प्रभु का मिलन : नारायणाचार्य

हिसार। झूथरा धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन रुकमणि विवाह के प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचक स्वामी पदम नारायणाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि रुकमणि और भगवान कृष्ण का विवाह वास्तव में रुह और प्रभु का मिलन है, आत्मा का परमात्मा से मिलन है। रुकमणि का भाई रुकमी, रुकमणि का विवाह शिशुपाल से कराना चाहता था लेकिन रुकमणि का भाव, विश्वास व प्रेम भगवान कृष्ण से था। रुकमणि के विवाह के अवसर पर पंडाल जयकारों से गूंज उठा। रुकमणि विवाह की झांकी भी निकाली गई। इस अवसर पर आओ सखी आओ-मुझे मेहंदी लगा दो..., आए हम बाराती बारात लेके, रुकमण तो जाएगी दूल्हे कान्हा के साथ..., मैंने मेहंदी लगाई रे कृष्ण तेरे नाम की..., ले जाएंगे-ले जाएंगे रुकमण तुझे हम ले जाएंगे... आदि भजन गाए तो श्रद्धालु भी झूमने लगे। धूमधाम से दोनों का विवाह हुआ। कथा 2 अक्तूबर तक चलेगी। कथा में मुख्य यजमान महावीर प्रसाद सोनी, राजबाला, मदनलाल सोनी व अनु सोनी ने पंडाल में पहुंचने पर स्वामी पदम नारायणाचार्य महाराज का स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल सोनी, आशीष सोनी, वीरभान बंसल, नीलम सोनी, रजत, शुभम व सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित जीवन का आधार : डॉ. विजय



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता के नेतृत्व में हुआ, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गुंजन मुंजाल संयोजक रही। अभियान में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी सात इकाइयों के लगभग 150 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित जीवन का आधार है। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान के दौरान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय परिसर, सभागार, पार्किंग स्थल, शिक्षण खंड-7 तथा महाराणा प्रताप स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर सफाई की गई। अभियान में कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमित शर्मा, डॉ. रामस्वरूप, दलबीर सिंह, नरेश सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया।

अग्रसेन भवन ट्रस्ट 11 को मनाएगा अग्रसेन जयंती महोत्सव

हिसार। अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में 11 अक्टूबर को भवन प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्ट की इस सम्बंध में हुई बैठक में जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि इस दिन सायं 5 बजे काकाजी ग्रुप सहित बाहर से आने वाले अनेक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में हरियाणा सरकार के स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग अतिथि के रुप में उपस्थित होंगे। बैठक में ट्रस्ट से जुड़े प्यारेलाल लाहौरिया, रामनिवास कोहलीवाले, सुरेन्द्र कुमार दुर्जनपुरिया, प्रवीन कुमार जैन, रामकुमार, विनोद गुप्ता, जगदीश तायल, कृष्ण खारिया, एन.के गोयल आदि उपस्थित रहे।

पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का लिया संकल्प



हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा नई शिक्षा नीति एवं सुधार विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की विशेषताओं, कौशल आधारित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी ज्ञान तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे शैक्षिक सुधारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा स्वयंसेविकाओं ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण का आधार हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय की 79 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

टेट, छंटनी और कच्ची नियुक्तियों के खिलाफ कर्मचारी होंगे लामबंद

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला प्रधान अशोक सैनी, सचिव ओम प्रकाश माल, वरिष्ठ उपप्रधान बिशन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सहसचिव विनोद प्रभाकर व प्रेस सचिव नूर मोहम्मद ने संयुक्त बयान में कहा कि कर्मचारियों के सामने रोजगार, वेतन, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं की रक्षा से जुड़े गंभीर सवाल हैं। अशोक सैनी ने कहा कि संगठन की मांग है कि वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों और शिक्षकों को नियमित किया जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग कर कर्मचारियों को संबंधित विभागों के वेतन पर लिया जाए। रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, आरक्षण का बैकलॉग पूरा करने तथा आबादी और कार्यभार के अनुपात में नए पद सृजित करने की भी मांग की जा रही है। रैली की सफलता के लिए संगठन ने तीन चरणों में अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पहले चरण में 1 से 10 अक्टूबर तक जिलों में संयुक्त सम्मेलन होंगे। दूसरे चरण में 11 अक्टूबर से 6 नवंबर तक खंड स्तर पर सम्मेलन, कार्यस्थलों पर संपर्क, पर्चे वितरण और प्रचार अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में 7 नवंबर से 7 दिसंबर तक उन सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

- 12 दिसंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में आक्रोश रैली निकालेंगे

आज होगा डॉ. एमएम जुनेजा की किताब का विमोचन

स्वतंत्रता सेनानियों की विचारधारा और शौर्य गाथा से रूबरू कराएगी पुस्तक

- 19वीं शताब्दी में जन्मे हरियाणा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पुस्तक इतिहास के अनछुए पहलुओं से करवाएगी साक्षात्कार : डॉ. जुनेजा



हिसार। नव रचित पुस्तक दिखाते इतिहासकार डॉ. एम. एम. जुनेजा, राकेश अग्रवाल व जगदीप भार्गव।

हिसार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को हिसार एक अविस्मरणीय बौद्धिक और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित संस्था वॉयस ऑफ हिसार के तत्वावधान में प्रसिद्ध इतिहासकार एवं लेखक डॉ. एमएम जुनेजा की नवीनतम शोधपरक पुस्तक 19वीं शताब्दी में जन्मे हरियाणा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह गरिमामयी समारोह मिडटाउन ग्रैंड में आयोजित होगा।

19वीं शताब्दी में जन्मे हरियाणा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पुस्तक के लोकार्पण समारोह के संदर्भ में मिडटाउन ग्रैंड में आयोजित की गई पत्रकार वार्ता में इस पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुस्तक के लेखक डॉ. एम. एम. जुनेजा, समाजसेवी जगदीप भार्गव, वॉयस ऑफ हिसार के संयोजक व प्रवक्ता राकेश अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए 2 अक्टूबर के समारोह की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर इतिहासकार व शिक्षाविद डॉ. एमएम जुनेजा ने कहा कि 19वीं शताब्दी में जन्मे हरियाणा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पुस्तक इतिहास के अनछुए पहलुओं से साक्षात्कार करवाएगी। इस पुस्तक के माध्यम से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता सेनानियों की विचारधारा, कार्यशैली व शौर्य गाथा से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी जगदीप भार्गव ने बताया कि 2 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे शुरू होने वाले पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल करेंगी।

JINDAL STEEL

फिजिकल शेयरधारकों को सूचना
फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि एक वर्ष की अवधि के लिए, 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक स्पेशल विंडो खोली गई है, यह विंडो उन फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन को आसान बनाने के उद्देश्य से है, जो दस्तावेजों में कमी, प्रक्रियात्मक मुद्दों, अथवा 01 अप्रैल 2019 से पहले अन्य कारणों की वजह से पूर्व में निरस्त कर दी गई थी, वापस लौटा दी गई थी, अथवा कार्यवाही रहित रह गई थी। प्रस्तुतीकरण की प्रासंगिकता के सम्बन्ध में निम्नलिखित मैट्रिक्स देखें :

ट्रांसफर डीड की निष्पादन तिथि	01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत की गई ?	मूल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट उपलब्ध ?	वर्तमान विंडो में प्रस्तुत करने के लिए पात्र ?
01 अप्रैल 2019 से पूर्व	नहीं (यह नया प्रस्तुतीकरण है)	हाँ	हाँ
	हाँ (यह निरस्त कर दी गई/पूर्व में लौटा दी गई थी)	हाँ	हाँ
	हाँ	नहीं	नहीं
	नहीं	नहीं	नहीं

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(हों) के साथ मूल सर्टिफिकेट(एस) सहित ट्रांसफर डीड्स और सम्बद्ध समर्थित दस्तावेज होंगे, केवल उन्हीं पर इस स्पेशल विंडो के तहत विचार किया जाएगा। इस प्रकार हस्तांतरित की गई सिक्योरिटीज को केवल डिमैट मोड में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिटेड की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगी। इस लॉक-इन अवधि के दौरान, सिक्योरिटीज को हस्तांतरित/धारणाधिकार-मार्क्ड, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जा सकता।

मूल हस्तांतरण दस्तावेजों, के साथ-साथ सही किए गए अथवा छूटे हुए विवरण हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') के पास निम्नलिखित पते पर जमा करवाएं :-
अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
अलंकित हाइट्स, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
ईमेल - ramap@alankit.com, टोल फ्री नंबर - 011-42541234

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 01 अक्तूबर, 2026

जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in
Website: www.jindalsteel.in
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

खबर संक्षेप

मेधावी विद्यार्थी चौधरी लाजपत राय 'अलखपुरा' छात्रवृत्ति से सम्मानित

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के दस जरूरतमंद मेधावी छात्रों को गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान ने सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्राध्यापिका डॉ. सुरेखा द्वारा प्रदत्त चौधरी लाजपत राय अलखपुरा छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। डॉ. दीपमाला लोहान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पढ़ाई के साथ-साथ महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अंजू चौधरी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए व उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र सेवदा, डॉ. बलजीत कंडोला, डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. यशवंत सांगवान, डॉ. कमलेश ख्यालिया, डॉ. सुनीता बामल आदि उपस्थित रहे।

जसबीर पूनिया प्रदेश महासचिव नियुक्त

हिसार। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रमुख प्रभाग, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने कांग्रेसी नेता जसबीर सिंह पूनिया को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हरियाणा का प्रदेश महासचिव (संगठन) नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार द्वारा एआईसीसी मुख्यालय, नई दिल्ली से जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि हरियाणा प्रदेश आरजीपीआरएस अध्यक्ष फोम लाल फिरोजपुर द्वारा प्रस्तुत की कार्यकारिणी सूची को तत्काल प्रभाव से अनुमोदित कर दिया गया है। मूल रूप से ग्राम सरसाना (ब्लॉक बरवाला) से संबंध रखने वाले एवं वर्तमान में हिसार की डिफेंस कॉलोनी निवासी जसबीर सिंह पूनिया की इस नियुक्ति से पूनिया के समर्थकों में विशेष उत्साह है।

विद्यार्थियों ने आधुनिक कृषि की बारीकियां समझीं

हिसार। दयानंद कॉलेज के बीबीए एवं बीए अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास, आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि व्यवसाय तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देना था। विभाग प्रभारी डॉ. सुरूचि शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने किसान मेले में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने उन्नत बीजों, आधुनिक कृषि यंत्रों, जैविक खेती, फसल उत्पादन की नवीन तकनीकों, कृषि उपकरणों और विभिन्न कृषि उत्पादों की जानकारी ली।

लाल किले पर 10 को मनेगी अग्रसेन जयंती

हिसार। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 10 अक्टूबर को लाल किला, नई दिल्ली में महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष विपिन गोयल ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में हरियाणा की भी विशेष एवं अहम भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, झारखंड से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की जानकारी है। अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नाथूराम जैन सहित विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी एवं समाजबंधु इस ऐतिहासिक आयोजन में उपस्थित रहेंगे।

पोस्टर मेकिंग में आशा ने पाया पहला स्थान

हिसार। भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय उकलाना की एनएसएस इकाई द्वारा विद्यार्थियों में स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत गुरुवार को महाविद्यालय में 'स्वच्छ भारत' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की आशा ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की अंशिता ने द्वितीय तथा एमए द्वितीय वर्ष की खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

वानप्रस्थ में उत्साह और उमंग के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

80 व 95 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठजनों का किया सम्मान

■ महात्मा गांधी की वेशभूषा में डॉ. जे.के. डांग का रैंप वॉक बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



महिलाओं ने प्रस्तुत किया ऊर्जावान समूह नृत्य

वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न्स क्लब में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पार्षद राजेश अरोड़ा ने शिरकत की। क्लब परिसर के प्रवेश द्वार को डॉ. सुदर्शन के निर्देशन में बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. दीप पूनिया के मधुर भजन से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि राजेश अरोड़ा को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि वरिष्ठ जीवन को सम्मान और गरिमा प्रदान करने का संदेश है। मंच संचालन करते हुए डॉ. दवीना अमर ठकराल ने कहा कि घर में बुजुर्गों का होना तीर्थ के समान है।

कार्यक्रम में 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले डॉ. सतीश कालड़ा, डॉ. हेम राज शर्मा व एस. एस. लाठर तथा 95 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एच. पी. सरदाना का विशेष अभिनंदन किया गया। क्लब की नियमित गतिविधियों में सहभागिता के लिए डॉ. अमृत लाल खुराना व राज गर्ग को भी सम्मानित किया गया। डॉ. सुनीता श्योकंद के नेतृत्व में महिलाओं ने ऊर्जावान समूह नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं स्नेह चौधरी ने स्वरचित लघु नाटिका नारी की व्यथा का भावपूर्ण मंचन किया। डॉ. आर. के. सैनी के निर्देशन में प्रस्तुत समूह गीत मेरे देश में पवन चले पुरवाई ने सभी को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। महिला सदस्यों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग का महात्मा गांधी की वेशभूषा में रैंप पर आना रहा। उनके इस रूप को देखकर सभी सदस्यों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया और उन्हें स्नेहपूर्वक नवयुग के गांधी की उपाधि दी। कार्यक्रम के अंत में क्लब के प्रधान डॉ. एस. के. अग्रवाल ने मुख्य अतिथि, मंच संचालक, सभी कलाकारों एवं सहयोगियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

बीसीआई ने वापस लिया अधिवक्ता दलीप जाखड़ का निलंबन

हिसार। हिसार बार एसोसिएशन के आम चुनाव से संबंधित मामला अब सुलझ गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के चेयरमैन अपूर्व कुमार शर्मा ने अधिवक्ता दलीप जाखड़ के निलंबन को वापस लेते हुए उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई समाप्त कर दी है। गत 25 सितंबर को जारी आदेश में कहा गया कि हिसार जिला बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो चुका है और संबंधित विवाद लगभग समाप्त हो गया है। इसमें यह भी जिक्र किया गया कि चुनाव में 75 प्रतिशत से ज्यादा अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश के बाद हिसार बार एसोसिएशन की ओर से 29 सितंबर को आम सभा आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता दलिप जाखड़ को बधाई दी गई तथा मामले के समाधान के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया का आभार जताया गया। सभा में बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप सिंह बाजिया, सचिव एडवोकेट समीर सिहाग, उपप्रधान एडवोकेट राहुल सिंह, संयुक्त सचिव एडवोकेट साहिल मंदरेणा और कोषाध्यक्ष एडवोकेट आशा रानी बाल्यान सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता, युवा अधिवक्ता और महिला अधिवक्ता उपस्थित रहे।





राज्य स्तरीय कराटे में एसकेपी स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 37 पदक

हांसी। श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 24 व 25 सितंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 पदक हासिल किए। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में 2 स्वर्ण, 8 रजत और 27 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में विद्यालय के कराटे कोच अजय सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और नियमित प्रशिक्षण के चलते खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रभावी प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार और प्रधानाचार्या पिंकी यादव ने विजेता विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने पदक विजेता खिलाड़ियों, कोच और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर विद्यार्थी सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं। विद्यालय चेयरमैन राजपाल यादव ने विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



श्री काली देवी विद्या मंदिर में नन्हे कलाकारों ने वेशभूषा में दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक

हांसी। श्री काली देवी विद्या मंदिर में ट्रेडिशंस, वेल्यूज एंड टुगेदरनेस-ए बॉन्ड बियोंड वर्ड्स थीम पर पांच दिवसीय फैंसी ड्रेस स्पर्धा का समापन हुआ। अंतिम दिन नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के विभिन्न सेक्शनों के 160 विद्यार्थियों ने भाग लेकर भारतीय परंपराओं, संस्कारों, जीवन-मूल्यों और पारिवारिक एकता तथा देश में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों का समाधान किए जाने का संदेश दिया। समापन समारोह में सुभाष तायल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नन्हे प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता की प्रशंसा की। कक्षा द्वितीय-ए में अविका भटनागर, पूर्वा व यामिनी प्रथम, विधि, मेघांश, भाविक व एक्षित द्वितीय तथा वेदिका, पंशुल व हिमांशी तृतीय रहे। सिब्लिंग्स वर्ग में एक्षित विजेता रहे। नर्सरी-बी में सौम्या यादव, धृविका व भव्या प्रथम, उन्नति पाटिल, रुद्र मालिक व भव्या द्वितीय तथा वंश, खेवंश, आद्विक खुराना व रवनूर पन्नू तृतीय रहे। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार जताया।

नलवा कॉलेज में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

रंगोली, नृत्य, गायन, पोस्टर मेकिंग व मेहंदी स्पर्धा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं: दूहन



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. अंजू चौधरी, प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन व अन्य स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय नलवा में विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, नृत्य, गायन, कविता-पाठ, भाषण, फोटोग्राफी और क्ले मॉडलिंग सहित विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुरु गोरक्षनाथ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी रहीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शैक्षणिक के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेश दूहन ने की। डॉ. कमलेश दूहन ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। मंच संचालन डॉ. दीपक ने किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम में रंगोली में काजल प्रथम, अंजू द्वितीय और रवीना तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग में अंजू प्रथम, मोनिका द्वितीय और हिमांशु तृतीय रहे। मेहंदी में सिमरन प्रथम, अंजू द्वितीय और पूजा तृतीय रहीं। हिंदी कविता-पाठ में करीना प्रथम, स्नेहा द्वितीय और ममता तृतीय रहीं। फोटोग्राफी में मोहित प्रथम, सन्नी द्वितीय और सार्थिका तृतीय रहे। क्ले मॉडलिंग में अंजू प्रथम, रितु द्वितीय और काजल तृतीय रहीं। नृत्य में रवीना प्रथम, ऋतू द्वितीय और नैंसी तृतीय रहीं, जबकि गायन में विश्वनाथ प्रथम, निशा द्वितीय और सागर तृतीय रहे।

होली चाइल्ड स्कूल में डिक्लेमेशन में भगत सिंह हाउस रहा अव्वल

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट्स के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कॉन्फिडेंस, इफेक्टिव एक्सप्रेशन और लैंग्वेज स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स के लिए इंटर-हाउस इंग्लिश डिक्लेमेशन एवं डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक की डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने फर्स्ट, कलाम हाउस सेकंड, टैगोर हाउस थर्ड और टेरेसा हाउस चौथा स्थान हासिल की।

कक्षा छठी से आठवीं में टेरेसा हाउस ने फर्स्ट, भगत सिंह हाउस ने सेकंड, टैगोर हाउस ने थर्ड और कलाम हाउस ने फोर्थ पोजिशन हासिल की। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक आयोजित इंटर-हाउस इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने पहला स्थान हासिल किया। विनिंग टीम में सोमय बामल, पल्लवी और दिलमन शामिल रहे। टेरेसा हाउस ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिसकी टीम में इशिका, गर्वित और ललित शामिल रहे। कलाम हाउस की टीम में प्रत्युष, चिराग और कुमुध, जबकि टैगोर हाउस की टीम में प्रणय, मयंक मिहानी और अरविंद ने पार्टिसिपेट किया। स्कूल के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु व प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व गुण, तार्किक सोच और संचार कौशल विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

निगमों की देरी व प्रशासनिक लापरवाही का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा सकता : संपत सिंह

एफएसए वसूली याचिका खारिज होने से बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आयोग का फैसला महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा इस राशि की दोबारा वसूली की अनुमति नहीं देना उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला है। बिजली वितरण कंपनियों को निर्धारित नियमों और समय-सीमा का पालन करना चाहिए। निगमों की देरी अथवा प्रशासनिक लापरवाही का आर्थिक बोझ आम बिजली उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा सकता। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि वर्ष 2021 से उपभोक्ताओं को मिलने वाले कई नकारात्मक फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट का लाभ नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 के अनुमानित वार्षिक राजस्व प्राप्तियों पर होने वाली आगामी सुनवाई में भी वे इन मुद्दों को उठाएंगे।

इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने कहा है कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली निगमों की 1134.54 करोड़ रुपये की फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट राशि की वसूली संबंधी याचिका खारिज किए जाने से प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने आयोग के समक्ष इस याचिका पर आपत्ति दर्ज कराते हुए तर्क दिया था कि बिजली कंपनियां कानून और निर्धारित समय-सीमा की अनदेखी कर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डाल सकतीं। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा नवंबर 2025 की एफएसए राशि की वसूली का प्रयास किया गया था। उनके अनुसार यह राशि निर्धारित समय में बिजली बिलों में शामिल नहीं की गई, जिसके कारण जनवरी 2026 में नियमों के अनुसार यह राशि जब्त हो गई थी। इसके बावजूद दोबारा इसकी वसूली का प्रयास किया गया।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हुआ व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के वित्त, लेखा एवं ऑडिटिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से व्यक्तित्व विकास पर एक विशेष व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम में डेटा पब्लिक स्कूल, हांसी की प्रधानाचार्या सुमन यादव ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, प्रभावी संचार, अनुशासन तथा अपने व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंशु एवं डॉ. साहिल द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. मीरा सिवाच ने मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत किया।

गेहूं के दाम में 'चवन्नी' बढ़ाकर पीठ थपथपा रही भाजपा: दुष्यंत

हिसार। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने आदमपुर में किसानों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केवल 'चवन्नी' की बढ़ोतरी कर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बढ़ती महंगाई के साथ डीजल, खाद और बीज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में गेहूं के भाव में चवन्नी की मामूली बढ़ोतरी किसानों की बढ़ती लागत के मुकाबले कहीं से भी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसान हितैषी होने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि किसान आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर भी भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। इस दौरान दुष्यंत चौटाला ने आदमपुर हलका अध्यक्ष सुनील मूंड के चचेरे भाई के निधन पर गांव न्यौली खुर्द पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। गांव दौलतपुर में नेकीराम श्योराण के भाई के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, हिसार जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया, भरत सिंह बैनीवाल, जितेंद्र श्योराण, जिला प्रवक्ता रवि आहूजा, विजेंद्र धानक, मुकेश रेडू, नरेंद्र नंबरदार, एडवोकेट तरुण गोयल, हरिंदर बैनीवाल, रोहित सोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत अभियान में योगदान का लिया संकल्प

हिसार। छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की विभिन्न इकाइयों के तत्वावधान में गुरुवार को 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसका थीम रहा - रन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश देना था। जागरूकता दौड़ को महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने नशे को कहें ना, नशा मुक्त भारत तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, नॉन टीचिंग स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने का संकल्प भी लिया।

कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के छात्र ने जीता ब्रॉन्ज

हिसार। कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के कक्षा छठी के छात्र प्रियांशु ने कुरुक्षेत्र में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही प्रियांशु का नेशनल के लिए सिलेक्शन भी हो गया है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह पायल व प्रधानाचार्य हितेश बाबल ने प्रियांशु को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



120 युवतियों को बांटे प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार



आदमपुर। मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित 120 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि मंडी आदमपुर के सरपंच जगत अग्रवाल ने अव्वल रहने वाली युवतियों को संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र एवं नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सरपंच ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिलाई सीखकर महिलाएं युवतियां जहां अपने घर के कपड़े सिलकर बचत कर सकती है। इस मौके पर प्रधान विनोद वर्मा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सुभाष मित्तल, डॉ. सतवीर सिंह, कृष्ण गोयल, पवन बंसल, सोनिया कथरिया, गुलशन इलाहाबादी, कृष्ण शर्मा ,रोशन भादू शहित कई मौजूद रहे।

पीएम सूर्य घर योजना की धीमी रफ्तार पर एमडी सख्त, प्रदर्शन बढ़ाने के निर्देश

■ एसई स्तर पर रोजाना मॉनिटरिंग और व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति में इस माह आई गिरावट को लेकर डीएचबीवीएन व यूएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने अधिकारियों को योजना की रफ्तार तत्काल बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए हैं। सेवा संकल्प माह के दौरान योजना के प्रदर्शन में किसी भी स्तर पर कमी को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय होकर ठोस और मापनीय परिणाम सुनिश्चित करने को कहा गया है। योजना की प्रगति को लेकर उच्च स्तर पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। आरईसी के चेयरमैन ने भी योजना के प्रदर्शन में इस माह आई गिरावट का विशेष रूप से उल्लेख किया है। केंद्र सरकार और आरईसी द्वारा योजना की लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसे में निगम स्तर पर लंबित मामलों को तेजी से आगे बढ़ाने और योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। एमडी विक्रम सिंह ने स्पष्ट किया कि योजना की सफलता केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि पात्र उपभोक्ताओं तक वास्तविक लाभ पहुंचने में दिखाई देनी चाहिए। आवेदन से लेकर सोलर प्लांट की स्थापना और बिजली कनेक्शन तक प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी की जाए तथा प्रक्रिया में देरी होने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के निर्देश

सभी अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं और उपमंडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में योजना की प्रगति की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को प्रतिदिन आवेदन, सोलर प्लांट स्थापना, बिजली कनेक्शन और लाभार्थियों की प्रगति की समीक्षा करने को कहा गया है। अपेक्षित गति नहीं रखने वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लंबित मामलों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएचबीवीएन के जनसंपर्क अधिकारी संजय चुघ ने बताया कि एमडी के निर्देशानुसार योजना को गति देने के लिए फील्ड स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। आवेदन, स्वीकृति, सोलर प्लांट स्थापना और बिजली कनेक्शन की पूरी प्रक्रिया में बेहतर समन्वय तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया जा रहा है।



अग्रोहा में टेक्सटाइल हब की घोषणा करे सरकार : गर्ग

नारनौंद। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग का प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सरकार से अपने वादे के अनुसार अग्रोहा में टेक्सटाइल हब और इंडस्ट्रियल जोन स्थापित करने की मांग की, ताकि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें।उन्होंने कहा कि सरकार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल को मंजूरी देने के साथ अग्रोहा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम के नेतृत्व में देश और प्रदेश के वैश्य समाज को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को 43वां विशाल वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। बैठक में व्यापार मंडल प्रधान राजवीर जैन, युवा राष्ट्रीय संयोजक अनंत अग्रवाल, प्रदेश सहसचिव निरंजन गोयल, युवा प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग, देवेंद्र व्यास, राकेश गर्ग, सुरेंद्र जिंदल, प्रकाश मित्तल, बजरंग लाल गर्ग, राकेश मिगलानी, सुभाष जांगड़ा, मुकेश मदान, सुनील सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।